Region	StateEle by. Board/Elecy. Deptt.	1992-93 (Quantum) (MU)	(%)	1993-94 (Quantum) (MU)	(%)
North-Eastern Region	1. Assam	431.95	21.41	425.44	20.82
	2. Manipur	57.10	22.35	62.85	22.50
	3. Meghalaya . . .	56.95	11.79	67.89	10.67
	4. Nagaland . . .	33.77	27.26	44.22	23.08
	5. Tripura	73.96	30.64	75.12	29.50
	6. Arunachal Pradesh . .	23.27	32.32	28.31	31.63
	7. Mizoram . . .	26.77	29.04	29.55	28.00
All India (Utilities)		61564.76	21.80	65122.57	21.46

Note : I. $ Provisional.

2. The lower T&D loss figures in respect of Meghalaya are dtM to bulk sale of energy *to* the neighbouring states.

ताप विद्युत केन्द्रों का आधुनिकीकरण किया जाना

7010. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 1991-92 में 47 ताप विद्युत केन्द्रों की लगभग 212 इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्य में सुधार करने के लिए एक कार्यक्रम चालू किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम के कियान्वयन पर कुल कितनी धनराशि व्यय करने का अनुमान लगाया गया था ;

(ग) क्या सरकार ने इस कार्यक्रम को निर्धारित समयानुसार कार्यान्वित कर दिया था ;

(घ) यदि हां, तो मार्च, 1995 के अन्त तक इस कार्यक्रम के तहत कुल कितनी राशि व्यय की गई है और कितना प्रतिशत कार्यक्रम लागू किया जा चुका है ; और

(ङ) इससे कितना प्रतिशत अतिरिक्त विद्युत उत्पादन प्राप्त किया जा सकेगा ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल) : (क) जी, हां।

(ख) 46 स्वीकृत आर० एन्ड० एम० स्कीमों की अद्यतन स्वीकृत लागत 2514 करोड़ रूपये है। एक स्कीम के लिए संबंधित राज्य बिजली बोर्ड से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। स्कीमों का वित्त पोषण, राज्य योजना/स्वयं के संसाधनों के माध्यम से किए जाने की परिकल्पना की गई है।

(ग) कार्यक्रम क्रियान्वयनाधीन है। तथापि, मुख्य रूप से निधियों में कमी होने और विभिन्न अन्य घटकों के कारण प्रगति धीमी है।

(घ) और (ङ) 457.66 करोड़ रू० की राशि खर्च की जा चुकी है, 31 मार्च, 1995 तक पूरे किए जा चुके कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियाकलापों का 21 प्रतिशत शामिल है। नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल केन्द्रों/यूनिटों से अतिरिक्त उत्पादन के रूप में लाभों के कार्य के पर्याप्त रूप से पूरा होने के बाद ही प्राप्त होने की आशा है।

अतिरिक्त क्षमता का उत्पन्न किया जाना

7011. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1994-95 में अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करने के